तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 16 अप्रैल 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र में एमएमयू की शुरूआत



Chaitanya
chaitanya NEET Academy
कम फीस में, बेहतर शिक्षा
डॉ बनने का सपना पूरा करें
ADMISSION OPEN
NEET
Dropper Batch
CRASH COURSE | DROPPER COURSE | FOUNDATION COURSE
अम्बिकापुर : बनारस रोड सुभाषनगर अम्बिकापुर (छ.ग.)
बिलासपुर : ईदगाह चौक, शिशु भवन के पास, बिलासपुर (छ.ग.)
रायपुर : महादेव घाट चौक के पास, रायपुरा, रायपुर (छ.ग.)
जगदलपुर : LIC ऑफिस के पास चित्रकूट रोड, धरमपुरा 1 नं., जगदलपुर (छ.ग.)
9202462730

## आगजनी की घटनाओं के दौरान लगानी पड़ती है कार्यालय तक की दौड़

# शहर में दमकल विभाग को खल रही वाटर हाइड्रेंट की कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- समय बर्बाद होने से होता है ज्यादा नुकसान

दमकल विभाग को नगर निगम क्षेत्र में अब वाटर हाइड्रेंट की कमी खल रही है। आगजनी की घटना के बाद आग बुझाने के दौरान हर बार दमकल विभाग की टीम को अपने दमकल वाहनों को भरने के लिए फायर स्टेशन जाना पड़ता है। यही वजह है कि शहर में अब सभी चौक चौराहों पर वाटर हाइड्रेंट की जरूरत महसूस की जा रही है। दमकल विभाग के पास पहले से ही वाटर हाइड्रेंट मौजूद थे लेकिन बाद में इन वाटर हाइड्रेंट को हटा दिया गया जिससे दमकल कर्मियों को आग बुझाने के दौरान खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

नगर निगम क्षेत्र में कहीं भी आगजनी की घटना होने पर आग बुझाने के लिए दमकल विभाग की टीम को बुलाया जाता है। दमकल की टीम भी अपने वाहनों के साथ समय रहते मौके पर पहुंचती है और आग बुझाने का काम करती है लेकिन पिछली कुछ आगजनी की घटनाओं के दौरान दमकल विभाग को एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। आग बुझाने के दौरान अत्यधिक ताकत के साथ पानी डालने का काम किया जाता है और यही वजह है कि दमकल वाहनों की टंकियां जल्द ही खाली हो जाती है। सबसे बड़ी बात यह है कि आगजनी की घटनाओं में समय का काफी महत्व होता है और आग बुझाने में जितनी देरी होती है उतना ही नुकसान बढ़ता जाता है। जब आग बुझाने के दौरान दमकल वाहनों की टंकियां खाली हो जाति है तो उन्हें पानी भरने के लिए वापस दमकल कार्यालय या किसी वाटर हाइड्रेंट तक जाना पड़ता है। यदि आग छोटी है तो कम वाहनों से काम चल जाता है लेकिन यदि आग विकराल होती है दमकल विभाग को अपने सभी वाहनों को लगाना पड़ता है और इसमें भी दमकल वाहनों की टंकियों को जल्दी जल्दी भरना पड़ता है। यही वजह है कि अब शहर में वाटर हाइड्रेंट की कमी दमकल विभाग को खल रही है। इस मामले में दमकल के अधिकारियों का कहना है कि वाटर हाइड्रेंट लगाने का काम नगर निगम द्वारा किया जाना है और इस हेतु पूर्व में अधिकारियों से चर्चा की गई थी लेकिन अब तक इस दिशा में कोई पहल नहीं हुई है।



### इस लिए जरूरी है वाटर हाइड्रेंट

शहर में वाटर हाइड्रेंट की जरुरत दमकल विभाग को इस लिए भी है क्यों कि जब भी आगजनी की घटना होती है तो दमकल की टीम समय रहते नजदीकी वाटर हाइड्रेंट प्वाइंट तक पहुंच जाते है और समय पर दमकल वाहनों को भरकर घटना स्थल तक पहुंचकर आग बुझाने का काम करते है लेकिन यदि वाटर हाइड्रेंट नहीं है तो दमकल वाहनों की खाली टंकियों को भरने के लिए दमकल कार्यालय तक जाना पड़ता है। इस दौरान घटना स्थल से दमकल कार्यालय जाने या मायापुर पानी टंकी तक जाने में दमकल वाहनों को काफी समय लगता है और आग बुझाने में देरी होती है और आग के कारण भारी नुकसान होता है।

### पहले थे 7 वाटर हाइड्रेंट

वाटर हाइड्रेंट की व्यवस्था शहर में पूर्व से रही है। नगर निगम क्षेत्र में पहले गांधीनगर, बाबरा के पास, त्रिकोण चौक, मणिपुर, फायर स्टेशन, धोबी घाट, चोपड़ा पारा वाटर हाइड्रेंट मौजूद थे लेकिन अब सिर्फ और सिर्फ पुराने फायर स्टेशन और मायापुर पानी टंकी के पास ही दमकल वाहनों को भरने की व्यवस्था है। वर्तमान में शहर का विकास तेजी से हुआ है। शहर का क्षेत्रफल बढने के साथ ही घनत्व भी बढ़ा है और घटनाएं भी इसी क्रम में लगातार बढ़ रही है। ऐसे में अब दमकल विभाग को शहर के प्रमुख चौक चौराहों और चिन्हांकित स्थानों पर वाटर हाइड्रेंट की कमी खल रही है। वाटर हाइड्रेंट मुख्य रूप से चौक चौराहों पर स्थापित होते है और इनका पानी टंकियों से सीधा कनेक्शन होता है। जरुरत पड़ने पर दमकल की टीम वाटर हाइड्रेंट सिस्टम से अपने वाहनों को जोड़कर कम समय में पानी भरकर आग बुझाने का काम कर सकती है लेकिन वर्तमान में इस तरह कोई व्यवस्था नहीं है।

### लिखा जाएगा पत्र

दमकल विभाग के लिए वाटर हाइड्रेंट काफी महत्वपूर्ण है। पूर्व में शहर में सात स्थानों पर वाटर हाइड्रेंट मौजूद थे लेकिन समय के साथ ज्यादातर वाटर हाइड्रेंट हट गए। हमने पूर्व में नगर निगम से इस संबंध में इस विषय में चर्चा की थी। एक बार फिर से हम पत्र लिखकर नगर निगम से पहल की बात करेंगे।

-शिवकुमार कठोतिया
कमांडेंट, नगर सेना




## नीलगाय को मारकर बेच रहे थे मांस, 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- धमनी रेंज का मामला

बलरामपुर वन मंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र धमनी के टाटी आथर जंगल में भ्रमण कर रही नीलगाय को घेर कर बेरहमी पूर्वक मारने एवं मांस विक्रय करने के मामले में वन अमले ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अमले ने आरोपियों से नीलगाय को मारने के लिए उपयोग किए गए हथियार व 20 किलो मांस जब्त किया है।

ग्राम टाटी आथर निवासी राम लखन पिता जगन्नाथ गोड़ (45वर्ष) बंधन पिता टल्लू पण्डो (45 वर्ष) ग्राम सलवाहो निवासी मोतीलाल पिता रामपति (41 वर्ष ) एवं सुरेश पिता रामकुमार (36वर्ष) अन्य ग्रामीणों के साथ रविवार को शिकार करने के उद्देश्य से लाठी डंडा टंगिया लेकर पास के जंगल गए थे। इस दौरान जंगल में नीलगाय को घूमते देख आरोपियों ने चारों ओर से घेरकर उस पर लाठी-डंडे व टंगिया से हमला कर बेरहमी पूर्वक मार डाला। नीलगाय को मारने के आरोपियों ने उसके अंगों को टंगिया से काट डाला तथा मांस को बेच रहे थे। घटना की सूचना पर पहुंचे वन अमले ने कड़ी मशक्कत के बाद आरोपियों को पकड़ा तथा उनके कब्जे से नीलगाय के टांगों का 20 किलो मांस व हत्या में उपयोग किए गए हथियारों को जब्त किया। आरोपियों की निशानदेही पर अमले ने नीलगाय का शव भी बरामद किया। आरोपियों ने जंगल में घूम रही नीलगाय को घेरकर उसकी हत्या करने एवं मांस का विक्रय करने तथा स्वयं के उपयोग के लिए मांस रखने का आरोप स्वीकार किया है। आरोपियों को गिरफ्तार करने की सूचना पर मामले में शामिल अन्य आरोपी फरार हो गए है।

वन अमले द्वारा मामले में वन अधिनियम 1972 की धारा 9,50,51,52 के तहत आरोपियों को बलरामपुर न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से सभी को जेल भेजा गया है। रेंजर अजय वर्मा ने बताया कि पशु चिकित्सक द्वारा नीलगाय के मांस का बिसरा जांच के लिए सुरक्षित किया गया है। कार्रवाई में रामकुमार यादव, स्कंद यादव, श्रीमती शीला यादव, हरिशचंद्र यादव, सिरनी सनोल बखला सहित अन्य वनकर्मी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक कल

**अम्बिकापुर।** जिला पंचायत के चुनाव उपरान्त नव निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों द्वारा पहली सामान्य सभा की बैठक बुलाई गई है। जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक 17 अप्रैल जिपं सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। जिला पंचायत अंबिकापुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सर्व संबंधितों को निर्धारित समय पर उपस्थित होने कहा है।

### लापरवाही पर प्रधान पाठक एवं सहायक शिक्षक निलंबित

**अम्बिकापुर।** विकासखण्ड राजपुर अंतर्गत प्राथमिक शाला अधेनूपारा में परीक्षार्थी की जगह दूसरे को परीक्षा में बैठाने के मामले में डीईओ ने प्रधानपाठक प्रमिला तिग्गा एवं सहायक शिक्षक नीतू केरकेट्टा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि परीक्षार्थी की जगह दूसरे को परीक्षा में शामिल करने की शिकायत पर तीन सदस्यीय जांच दल का गठन किया गया था। जांच में पांचवी की परीक्षा में अन्य छात्रा को शामिल करने की पुष्टि हुई है। प्रधान पाठक प्रमिला तिग्गा एवं सहायक शिक्षक नीलू केरकेट्टा का कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 का उल्लंघन है। कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने पर दोषी प्रधान पाठक एवं सहायक शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में प्रधान पाठक एवं सहायक शिक्षक का मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय शंकरगढ़ निर्धारित किया गया है।

### बिश्रामपुर महाप्रबंधक तिवारी का हुआ तबादला

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर महाप्रबंधक समेत कुल तैतीस माइनिंग अफसरों का तबादला कर उन्हें नई जिम्मेदारी दी गई है। बिश्रामपुर महाप्रबंधक अजय तिवारी को कंपनी मुख्यालय बुला लिया गया है। बिश्रामपुर महाप्रबंधक का प्रभार फिलहाल महाप्रबंधक संचालन डॉक्टर संजय सिंह ही संभालेंगे उन्हें क्षेत्रीय महाप्रबंधक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इनके अलावा चिरमिरी महाप्रबंधक नवीन श्रीवास्तव को भी बिलासपुर मुख्यालय बुलाया गया है। दीपक पंड्या कोरबा भी मुख्यालय अटैच किए गए हैं।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक की मौत, दो गंभीर



**राजपुर।** ग्राम सेवारी में ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि मंगलवार को ग्राम अलखडीहा निवासी अघु आ. सरघु (50 वर्ष), गुड्डु आ. अंधू (35 वर्ष) एक अन्य व्यक्ति के साथ बाइक से राजपुर से शंकरगढ़ की ओर जा रहे थे। इस दौरान ग्राम सेवारी के पास ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई वहीं पिता-पुत्र गंभीर रूप से घयल हो गए। दुर्घटना में मृत व्यक्ति की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। वहीं दुर्घटनाकारी ट्रेक्टर का चालक फरार हो गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजवाया। पुलिस मृतक के संबंध में जानकारी जुटा रही है। गंभीर रूप से घायल पिता-पुत्र को चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार उपरांत मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया है।

## दुबई में नौकरी लगवाने के नाम पर युवक से 84 हजार रूपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- ओमान से लौटते ही पुलिस ने कोच्ची एयरपोर्ट पर किया गिरफ्तार



दुबई में बैठकर विदेशी कंपनी में अच्छा काम दिलाने का झांसा देकर युवक से ठगी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ पुलिस द्वारा लुक आउट नोटिस जारी किया गया था और जैसे ही वह ओमान से भारत के कोच्ची एयरपोर्ट पर पहुंचा पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस आरोपी को लेकर बलरामपुर जिला आई जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है जबकि इस मामले में एक अन्य आरोपी की पूर्व में गिरफ्तारी हो चुकी है।

शंकरगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम बचवार निवासी प्रेमनाथ गिरी आ. इश्वर चन्द्र गिरी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका पुत्र मनीष कुमार गिरी दस वर्षों से दुबई में रहकर काम कर रहा था। दुबई की उक्त कम्पनी के बंद होने के बाद मनीष गिरी दुबई से वापस घर आ गया था। इस दौरान यूपी देवरिया के गोरी बाजार हरपुर निवासी रामाशीष मधेशिया द्वारा मनीष कुमार गिरी को दुबई से फोन कर बताया गया कि एक अच्छे काम का ऑफर है और अगर वह कंपनी में काम करना चाहता है तो वह कंपनी में बात कर सकता है। काम के बदले में 1 लाख 20 हजार रूपए देना पड़ेगा इसके साथ ही एडवांस में 50 हजार रूपए की काम की गई। इसी दौरान मनीष कुमार गिरी को प्रशांत शशिधरन नायर का मोबाइल नम्बर दिया गया। जब मनीष कुमार गिरी ने प्रशांत शशिधरन नायर से बात की गई तो उसने बैंक ऑफ इंडिया का एक अकाउंट नंबर दिया जिसमें मनीष ने रामाशीष मधेशिया के कहने पर 30 नवम्बर 2021 और 16 मार्च 2022 को कुल 84 हजार रूपए डाल दिया। फोन पे के माध्यम से रूपए ट्रांसफर होने के बाद भी मनीष कुमार गिरी को ना ही दुबई जाने का वीजा मिला और ना ही टिकट मिला। इस दौरान रामाशीष मधेशिया, प्रशांत शशिधरन नायर, निशांत शशिधरन नायर उसे घुमाते रहे। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस द्वारा वर्ष 2022 में भादवि की धारा 420, 34 का अपराध दर्ज कर जांच के दौरान यूपी देवरिया के गोरीबाजार हरपुर निवासी 32 वर्षीय रामाशीष मधेशिया आ. राजेन्द्र मधेशिया को गिरफ्तार आकर जेल भेज दिया गया था जबकि केरला त्रिवेंद्रम के विड पालुड पच्चापियो पालोंड निवासी 42 वर्षीय प्रशांत शशिधरन नयन आ. शशिधरन नायर फरार चल रहा था। आरोपी के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया गया था। इस दौरान 11 अप्रैल को आरोपी प्रशांत शशिधरन नायर ओमान के मस्कट से भारत आया इस दौरान कोच्ची एयरपोर्ट पर एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा आरोपी को पकड़कर बलरामपुर पुलिस के सुपुर्द किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी को बलरामपुर लाने के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## उचित मूल्य दुकान में 144 हितग्राहियों का चावल गबन करने वाले दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- सहायक विक्रेता और तौलक को पकड़े गए, शेष आरोपियों की तलाश जारी



बलरामपुर जिले के रघुनाथनगर अंतर्गत ग्राम बेबदी में 144 हिग्राहियों का अंगूठा लगवाकर राशन गबन करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले में सहायक विकेता और तौलक को गिरफ्तार किया है जबकि पूर्व सरपंच, पूर्व सरपंच की पत्नी और जनपद उपाध्यक्ष की पत्नी अभी भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है।

बता दें कि बलरामपुर जिले के रघुनाथनगर थाना अंतर्गत ग्राम बेबदी में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान में 144 हितग्राहियों का अंगूठा लगवाकर चावल गबन का मामला सामने आया था। ग्रामीणों की शिकायत के बाद मामले में खाद्य निरीक्षक निखिलेश टेम्भुरने द्वारा इस मामले की शिकायत पुलिस से की गई थी। जांच में इस बात की पुष्टि हुई कि शासकीय उचित मूल्य दुकान के सहायक विक्रेता संतोष कुमार आ. जवाहर द्वारा मार्च 2025 में 144 हितग्राहियों का ई-पोश मशीन से अंगूठा लगवाने के बाद भी चावल का वितरण नहीं किया गया इसके साथ ही वह विगत तीन वर्षों से अब तक 22 क्विंटल चावल दुकान में चावल तौलाई करने वाले कन्हैया लाल को प्रदान किया है। बेबदी के पूर्व सरपंच पति जीतलाल आ. बेसाहू ने भी स्वीकार किया कि सहायक विक्रेता संतोष कुमार द्वारा मार्च 2025 के लगभग 144 हितग्राहियों को ई-पोश मशीन में अंगुठा लगाकर खाद्यान्न का वितरण नहीं किया गया है। कन्हैया लाल आ. जोखन ने भी स्वीकार किया कि उसके द्वारा उचित मूल्य दुकान में चावल तौलाई का काम किया जाता है और उसके एवज में उसे प्रति माह 50 किलो ग्राम चावल मेहनताना के रूप में दिया जाता है और अब तक उसने 22 क्विंटल चावल लिया है। इतना ही पूर्व सरपंच के पति जीतलाल ने यह भी स्वीकार किया कि उसके द्वारा समय समय पर गांव में सामाजिक कार्यक्रमों के नाम पर बिना राशन कार्ड ⏭ शेष पेज 4 पर

## ढाई लाख के नशीले इंजेक्शन समेत दो गिरफ्तार

- आरोपियों में एक युवती भी शामिल, झारखंड से लेकर आ रहे थे नशे का सामान



**राजपुर।** नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने दो अलग अलग स्थानों से कार्रवाई करते हुए अन्तर्राज्यीय तस्करों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों में एक युवती भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों से ढाई लाख रूपए का नशीला इंजेक्शन बरामद किया है।

बताया जा रहा है कि पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि ग्राम कर्रा निवासी सुनील जायसवाल व झारखण्ड के गढ़वा की पानपति सिंह झारखण्ड के गढ़वा से नशीला इंजेक्शन लेकर राजपुर की ओर आ रहे है। सूचना के बाद आईजी अंकित गर्ग द्वारा चलाए गये नशे के खिलाफ अभियान के तहत एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर एएसपी विश्वदीकाप त्रिपाठी, एसडीओपी इम्मानुएल लकड़ा के नेतृत्व में अलग अलग स्थानों पर घेराबंदी पर संदिग्ध व्यक्ति सुनील जायसवाल और पानपति को हिरासत में लिया गया। इस दौरान आरोपी सुनील जायसवाल की तलाशी लेने पर उसके पास से 322 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया गया जबकि महिला पानपति के पास से 6 सौ नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया गया। जब्त इंजेक्शन की कीमत ढाई लाख रूपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपियों राजपुर कर्रा निवासी 45 वर्षीय सुनील जायसवाल आ. स्व. लालू प्रसाद जायसवाल व झारखंड गढवा के बरगढ़ बारीखजुरी निवासी 21 वर्षीया कुमारी पानपति आ. बाबूलाल सिंह को 22 (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कुमार चंदन सिंह, प्रधान आरक्षक राजेन्द्र ध्रुव, श्यामलाल भगत, आरक्षक अमृत सिंह, रूपेश कुमार गुप्ता, नरेन्द्र तिर्की, मोती राम राजवाडे, विजय पैकरा, नरेन्द्र कश्यप, हरिशंकर डनसेना, महिला आरक्षक प्रफुल्ला टोप्पो, बंसती टोप्पो, अलमातिर्की, एस्थेर मिंज आदि सक्रिय रहे।

## आज फिर सक्रिय हो रहा एक और पश्चिमी विक्षोभ, जारी रहेगा मौसम में उतार चढाव का क्रम

# 5 चक्रवाती परिसंचरण और 3 द्रोणिका के कारण भीषण गर्मी से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

5 चक्रवाती परिसंचरण और 3 द्रोणिकाओं के कारण मौसम में उतार चढाव का क्रम जारी है। चक्रवाती परिसंचरण और द्रोणिका की सक्रियता से फिलहाल लोगों को अंधड़ और बेमौसम बारिश से राहत मिलती नजर नही आ रही है। इधर बुधवार से एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है जिसका असर भी आने वाले दिनों में दिखने लगेगा। वहीं वर्तमान में मौजूद विक्षोभ के कारण दिन में धूल भरी आंधी के साथ ही गरज चमक के बादल बने जबकि पड़ोसी जिले बलरामपुर में जमकर बारिश व ओला वृष्टि भी हुई है।

बता दें कि बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ जिससे कड़ी की तरफ से नमी युक्त गर्म हवाएं आ रही थी वहीं उत्तर पश्चिम से विक्षोभ की ठंडी हवाएं मध्य भारत में टकरा रही थी जिससे गरजने वाले बादल बन रहे थे और स्थानीय स्तर पर चक्रवाती परिसंचरण तैयार हो रहा था। इसी कारण गरज चमक के साथ बारिश हो रही थी। पूर्व में जो पश्चिमी विक्षोभ बना था वह वर्तमान में उत्तर बिहार से आंध्र प्रदेश तक, झारखण्ड, ओड़सिा होते हुए द्रोणिका का रूप ले लिया है। इसके साथ ही दक्षिण मध्य प्रदेश में उपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। एक द्रोणिका पश्चिम बंगाल से छत्तीसगढ़, झारखण्ड के ऊपर बनी हुई है। एक द्रोणिका महाराष्ट्र की तरफ है। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि वर्तमान में 5 चक्रवाती परिसंचरण और 3 द्रोणिका सक्रिय है। यही वजह है कि दिन में तेज धूप के बाद दोपहर बाद गरजने वाले बादल बन रहे है और धूल भरी आंधी के साथ गरज चमक हो रही है। इस दौरान दिन में 30 से 40 किमी प्रतिघंटा की रफ़्तार से हवाएं चल रही है। मंलगवार को भी दिन में तेज धूप निकली और चिल चिलाती गर्मी से लोग बेहाल हुए। इस दौरान अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया जबकि दोपहर बाद धूल भरी आंधी चली और शाम को आसमान में घने बादल छाने के साथ ही मौसम ठंडा हो गया। शाम के समय तापमान में गिरावट के साथ लोगों ने राहत की सांस महसूस की। वहीं बताया जा रहा है कि 16 अप्रैल को एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है इस बीच एक दो दिनों तक तापमान में वृद्धि होगी लेकिन वर्तमान में चल रही दक्षिण पश्चिम की हवा से आ रही नमी के कारण विक्षोभ ताकतवर हो सकता है जिसके बाद पुन: विक्षोभ के असर से मौसम में उतार चढाव का क्रम जारी रहेगा।



बारिश के दौरान सूनसान रोड।

### बलरामपुर में हुई बारिश ओला वृष्टि

विगत एक सप्ताह से जारी मौसम में उतार चढ़ाव का क्रम लगातार बना हुआ है। दिन में तेज गर्मी के साथ ही शाम के समय मौसम में बदलाव होने के साथ ही बारिश और ओला वृष्टि हो रही है। मंगलवार को भी जिले में सुबह से ही तेज धूप निकली और चिलचिलाती गर्मी महसूस की गई लेकिन तापमान में वृद्धि के बाद दोपहर 12 बजे अचानक ही मौसम में बदलाव हुआ और तेज हवाओं व गरज चमक के साथ जमकर बारिश हुई। इस दौरान 12 से दोपहर 2 बजे तक मूसलाधार बारिश और गरज चमक का सिलसिला जारी रहा। इसके साथ साथ बीच बीच में छोटे छोटे ओले भी गिरे। बारिश का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। लगातार हो रही इस बारिश से एक तरफ लोगों को गर्मी से राहत मिली है लेकिन इसका असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। इसके साथ ही फसलों को भी खासा नुकसान हो रहा है। सब्जियों को नुकसान होने से किसानों की चिंताएं बढ़ गई है। जबकि गेंहू की फसल पक गए है और कटाई का कार्य भी चालु है ऐसे में किसानों को फसलों के नुकसान की चिंता सता रही है।

## खबर संक्षेप

### पीसीसी निर्माण कार्य का भूमिपूजन



**मनेन्द्रगढ़।** नगर पंचायत खोंगापानी वार्ड क्रमांक 11 के गार्डन में पीसीसी निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर पंचायत खोंगापानी की अध्यक्ष श्रीमती ललिता रामा यादव, वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद जितेन्द्र गुप्ता, वार्ड की महिलाएं सहित काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। पार्षद श्री गुप्ता ने कहा कि यह कार्य वार्डवासियों की सुविधा एवं सौंदर्यीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने नगर पंचायत खोंगापानी की अध्यक्ष श्रीमती ललिता रामा यादव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तरूण कुमार एक्का एवं उपअभियंता अशोक कुमार सिंह का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग एवं मार्गदर्शन से यह कार्य प्रारंभ हो पाया।

### जाति, निवास पत्र बनाने में कोताही बर्दाश्त नहीं

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने विभागीय कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि राजस्व, राशन, पेंशन सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा, प्रधानमंत्री आवास एवं शौचालय निर्माण जैसे जनसरोकार के मामलों को प्राथमिकता पर लिया जाए। उन्होंने एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। सीईओ श्री चतुर्वेदी ने कहा कि आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्रों के लिए प्राप्त आवेदनों को लोक सेवा केन्द्रों, तहसील एवं एसडीएम कार्यालयों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से जारी किया जाए। इस कार्य में लापरवाही या विलंब की स्थिति में दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अपूर्ण दस्तावेज जमा करने वाले आवेदकों से संपर्क कर पूरी दस्तावेज इक्कठा करें और नियमानुसार ही प्रमाण पत्र बनाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगले एक सप्ताह में ठोस प्रगति हर हाल में दिखाई देनी चाहिए। वहीं 15 अप्रैल को जनदर्शन में 24 आवेदन प्राप्त हुए, संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आवेदनों का सही परीक्षण कर उसका समाधान करें।

### कार्यक्रम में गूंजे राम भजन कलाकारों ने बांधा समां



**डोमनहिल।** भोजपुरी समाज चिरमिरी के द्वारा चैत्र माह के अंतिम सोमवार को डोमनहिल स्थित शिव मंदिर प्रांगण में भव्य चैता कार्यक्रम और भोग-भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डोमनहिल और हल्दीबाड़ी के स्थानीय चैता गायकों के साथ-साथ बिहार से पधारे कलाकारों ने भाग लेकर अपने सुमधुर भजनों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक कामेश्वर सिंह ने बताया कि चैता गायन कला को संरक्षित और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पूरे एक माह तक विभिन्न स्थानों पर चैता कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्होंने कहा कि धार्मिक ग्रंथों के अनुसार त्रेता युग में भगवान विष्णु ने श्रीराम के रूप में अवतार लिया था और चैत्र शुक्ल नवमी को रामनवमी के रूप में मनाया जाता है। पूरा चैत्र महीना राम जन्मोत्सव के रूप में भक्ति और बधाई गीतों के साथ मनाया जाता है। चैता गायक कामता सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से हमारी संस्कृति और परंपरा को आगे बढ़ाने में मदद मिलती है।

### जनदर्शन में आए 26 आवेदन

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीण जन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा।

---


#### वन विभाग और एसईसीएल की संयुक्त टीम की कार्रवाई

# ब्लास्ट कर जामघाट में बंद की अवैध कोयला सुरंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के पटना क्षेत्र अंतर्गत जामघाट में लंबे समय से संचालित एक अवैध कोयला सुरंग को वन विभाग और साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की संयुक्त कार्रवाई के तहत ब्लास्ट कर ध्वस्त कर दिया गया। इस सख्त कदम से अवैध खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

वन मंडलाधिकारी कोरिया श्रीमती प्रभाकर खलखो ने बताया कि जामघाट क्षेत्र में अवैध खनन की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। निरीक्षण में सुरंग की पुष्टि होने के बाद उच्चाधिकारियों के निर्देश पर तत्काल कार्रवाई की गई। सुरंग को विस्फोटक सामग्री से पूरी तरह बंद कर दिया गया, जिससे भविष्य में यहां दोबारा कोई गतिविधि न हो सके। कार्रवाई के दौरान वन विभाग के साथ पुलिस, खनिज विभाग, एसईसीएल के तकनीकी विशेषज्ञ, सुरक्षाकर्मी तथा स्थानीय प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन ने सुरक्षा के सभी मानकों का पालन करते हुए क्षेत्र को चारों ओर से सील किया और आसपास के ग्रामीणों को अस्थायी रूप से सुरक्षित स्थानों पर हटाया गया। डीएफओ श्रीमती खलखो ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन करने वालों के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में भी इसी प्रकार की छापेमारी और अभियान जारी रहेंगे।






कार्रवाई करती टीम।

#### पर्यावरण को हो रहा था नुकसान

यह सुरंग न सिर्फ पर्यावरणीय असंतुलन पैदा कर रही थी, बल्कि सरकारी राजस्व को भी भारी नुकसान पहुंचा रही थी। स्थानीय प्रशासन का मानना है कि इस अवैध गतिविधि के पीछे एक संगठित गिरोह सक्रिय है, जिसकी जांच शुरू कर दी गई है। वहीं जामघाट क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत किया है और मांग की है कि अन्य संदिग्ध क्षेत्रों में भी इसी तरह की कार्रवाई की जाए।

#### घुटरा हादसे के बाद भी नहीं थमा अवैध उत्खनन

एमसीबी जिले के घुटरा में हाल ही में हुई खदान दुर्घटना में दो मजदूरों की दर्दनाक मौत के बाद भी कोयले का अवैध उत्खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है। मनेन्द्रगढ़ ब्लॉक के नागपुर क्षेत्र से लेकर उजियारपुर तक कई स्थानों पर अवैध रूप से कोयले की खुदाई खुलेआम जारी है। स्थानीय सूत्रों की मानें तो कई स्थानों पर निजी माइनिंग संचालक न सिर्फ कोयला निकाल रहे हैं, बल्कि ट्रकों और ट्रैक्टरों के माध्यम से उसका परिवहन भी रात के अंधेरे में धड़ल्ले से कर रहे हैं। घुटरा की घटना के बाद उम्मीद थी कि प्रशासन सख्ती बरतेगा, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। कई इलाकों में अवैध सुरंगें अब भी सक्रिय हैं, जिनमें बिना सुरक्षा उपायों के लोग खतरनाक तरीके से काम कर रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि वे इस गतिविधि से परेशान हैं। न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, बल्कि आसपास के इलाकों में हादसों का खतरा भी बना हुआ है।



---



शुभारंभ करते महाप्रबंधक बीएन झा।

## एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र में एमएमयू की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड बैकुंठपुर क्षेत्र द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) की शुरूआत की गई है। इसका शुभारंभ मंगलवार को क्षेत्रीय मुख्यालय परिसर में महाप्रबंधक बीएन झा ने वाहन पूजा कर और हरीझंडी दिखाकर किया।

इस अवसर पर एरिया मेडिकल ऑफिसर डॉ. संजय सिंह, विभागाध्यक्ष, श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि और अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। यूनिट के माध्यम से परियोजना क्षेत्रों से सटे गांव में रहने वाले लोगों को निःशुल्क प्राथमिक उपचार, स्वास्थ्य जांच और आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई जाएंगी। एमएमयू में एक डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, तकनीकी सहायक और पोर्टेबल जांच उपकरण मौजूद रहेंगे। यह यूनिट नियमित रूप से तय कार्यक्रम के तहत विभिन्न गांव का दौरा करेगी। महाप्रबंधक श्री झा ने कहा कि एसईसीएल कोयला उत्पादन के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्वों का भी निर्वहन कर रहा है।

■ जरुरतमंदों को मिलेगी नि:शुल्क स्वास्थ्य

---

### सिटी कोतवाली की ओर कूच किए बंदर...



**बैकुण्ठपुर।** जंगलो से निकलकर बंदर शहर तक पहुंचते रहते हैं। बीते दिनों बंदरों की टोली सिटी कोतवाली बैकुण्ठपुर तक पहुंची, जहां कोतवाली के मुख्य गेट के दोनों ओर दीवार में काफी देर तक दो बंदर ऐसे बैठे रहे मानों वे पुलिस की पहरेदारी में संतरी ड्यूटी कर रहे हो।

---

## सुशासन तिहार : कोरिया में 62 हजार मिले आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले में सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण एवं ऑनलाइन प्रविष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने दिए हैं।

उन्होंने बताया कि 8 से 11 अप्रैल तक चले सुशासन तिहार के प्रथम चरण में जिलेभर से लगभग 62 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें बैकुंठपुर जनपद पंचायत क्षेत्र से 49 हजार, सोनहत से 10,300 तथा नगर पालिका बैकुंठपुर, शिवपुर-चरचा व नगर पंचायत पटना से लगभग 2,100 आवेदन समाधान पेटी के माध्यम से प्राप्त हुए हैं, इसके अलावा 3,300 आवेदन ऑनलाइन भी प्राप्त हुए हैं।



■ तेजी से करें ऑनलाइन एंट्री और निराकरण, सीईओ ने दिए निर्देश

उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों की शीघ्र ऑनलाइन एंट्री कराई जाए, ताकि समाधान की प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके। इसके लिए कम्प्यूटर ऑपरेटरों के माध्यम से विभागवार एंट्री कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं जिन कम्प्यूटर ऑपरेटर को एंट्री करने का दायित्व सौंपा गया है,उस कार्य की सतत निगरानी रखें और सभी आवेदन सप्ताह के भीतर एंट्री कराया जाए। सीईओ ने स्पष्ट रूप से कहा कि केवल आवेदन की प्रविष्टि ही नहीं, बल्कि उनका त्वरित निराकरण भी अनिवार्य है। साथ ही आवेदकों को संबंधित कार्रवाई की जानकारी देना भी आवश्यक है,जिससे शासन की योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ मिल सके।

सीईओ ने कहा कि जिन आवेदनों का निराकरण जिला स्तर पर संभव नहीं है, उन मामलों की जानकारी शासन व संचालनालय को अवगत कराई जाए। वहीं यदि कोई आवेदन अपूर्ण स्थिति में प्राप्त हुआ हो, तो संबंधित आवेदकों से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने की प्रक्रिया भी अपनाई जाए।

---

## मोर द्वार साय सरकार महाभियान आज से शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं की पहुंच को और अधिक प्रभावी व पारदर्शी बनाने की दिशा में एक और कदम उठाया है। इसी कड़ी में मंगलवार को पूरे प्रदेश में मोर दुआर साय सरकार विशेष महाभियान की शुरूआत की गई है।

यह अभियान 15 से 30 अप्रैल तक चलेगा, इसके अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण विशेष पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के स्थायी प्रतीक्षा सूची तथा पूर्व की आवास प्लस सूची में छूटे हुए पात्र ग्रामीण परिवारों की पहचान कर उन्हें पक्के आवास का लाभ दिलाना है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने जानकारी दी कि इस अभियान के तहत हर गांव में जन-जागरूकता फैलाने के लिए मुनादी, दीवार लेखन, पोस्टर, पंपलेट, सोशल मीडिया प्रचार जैसे माध्यमों का उपयोग किया जा रहा है।

प्रथम चरण 15-19 अप्रैल तक अभियान का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों द्वारा सांकेतिक सर्वेक्षण के साथ होगा। साथ ही ग्राम स्तर पर रैली, निबंध-चित्रकला प्रतियोगिताएं, रंगोली एवं गीत लेखन आदि आयोजनों से जन सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। द्वितीय चरण 20 से 28 अप्रैल तक ग्राम नोडल अधिकारी और सर्वेक्षक घर-घर जाकर शत-प्रतिशत परिवारों का सर्वे करेंगे। तृतीय चरण 29 से 30 अप्रैल तक सर्वेक्षण पूर्णता के प्रमाण-पत्र सरपंच एवं सर्वेक्षक के हस्ताक्षर से जिला कार्यालय को भेजे जाएंगे। हर ग्राम पंचायत में पीएम आवास पंचायत एम्बेसडर नियुक्त किए जाएंगे, जो सामाजिक रूप से सक्रिय एवं प्रतिष्ठित व्यक्ति होंगे। अभियान को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी सक्रिय रखने के लिए नागरिकों से अपील की गई है कि वे मोर द्वार साय सरकार और मोर आवास मोर अधिकार जैसे हैशटैग के साथ फोटो और वीडियो साझा करें। राज्य शासन द्वारा सभी जिलों को निर्देश दिए गए हैं कि अभियान को मिशन मोड में क्रियान्वित कर 30 अप्रैल तक सर्वेक्षण पूर्ण कर लिया जाए, ताकि कोई भी पात्र ग्रामीण परिवार योजना के लाभ से वंचित न रहे।

■ पात्र हितग्राहियों को मिलेगा पीएम आवास योजना का लाभ

---

## मनरेगा एवं पीएमएवाई-जी कार्यों का निरीक्षण



**बैकुंठपुर।** अपर आयुक्त महात्मा गांधी नरेगा एवं पीएमएवाईजी के कार्यपालन अभियंता शिवकुमार सिन्हा मनरेगा राज्य कार्यालय से तकनीकी सहायक गोपाल हिरवानी के द्वारा जिला पंचायत एमसीबी अंतर्गत जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ एवं खड़गवां में प्रगतिरत एवं पूर्ण निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। जिले में प्रधानमंत्री आवास के साथ -साथ मनरेगा। एसबीएम अभिसरण से बने सामुदायिक शौचालय, एसएलडब्लूएम सेंटर के साथ व्यक्तिगत सुकर पालन शेड निर्माण, व्यक्तिगत कुआं का निर्माण, सामुदायिक मत्स्य पालन तालाब, पक्का चेक डेम निर्माण, नवीन आंगनबाड़ी भवन, अमृत सरोवर तालाब एवं पौधा तैयारी (नर्सरी) कार्यों का अवलोकन किया गया। जिले में फील्ड निरीक्षण उपरांत जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ के सभाकक्ष में सर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी (आरईएस), महात्मा गांधी नरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास की जिला पंचायत एवं जनपद की पूरी टीम के साथ समीक्षा बैठक लेकर योजनाओं में प्रगति लाते हुए योजना के बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन एवं आजीविका विकास गतिविधियों से मनरेगा को जोड़ने सतत निर्देश दिए गए।

---

## बुढ़ार स्कूल में आयुष स्वास्थ्य मेला और योग शिविर

**बैकुण्ठपुर।** जिला आयुष अधिकारी कोरिया के मार्गदर्शन में मंगलवार को प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला बुढ़ार में आयुष विंग, जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर द्वारा निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला, योग शिविर एवं स्वास्थ्य पखवाड़ा का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य जीवन के पहले 1000 दिवस के दौरान पोषण और जीवनशैली के महत्व को समझाना था। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को आहार, विहार, दिनचर्या, रात्रिचार्य एवं ऋतुचार्य से संबंधित जानकारी दी गई। पोषण पखवाड़ा 8 से 22 अप्रैल के अंतर्गत कार्यक्रम में सबसे पहले योग सत्र का आयोजन हुआ। इसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को विभिन्न रोगों से बचाव के लिए योगाभ्यास और जीवन में योग के महत्व पर प्रशिक्षित किया गया, इसके बाद स्वच्छता एवं हस्त प्रच्छालन पर विस्तृत जानकारी दी गई। खासकर भोजन से पहले हाथ धोने की महत्ता और इससे होने वाली बीमारियों की रोकथाम पर जोर दिया गया। बच्चों के संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए खान-पान, रहन-सहन की आदतों पर चर्चा की गई। मिलेट्स (श्री अन्न) जैसे- ज्वार, बाजरा, कोदो, मड़िया, रागी आदि के लाभों को विस्तार से समझाया गया। साथ ही एनसीडी (गैर संचारी रोगों) से बचाव की जानकारी भी विद्यार्थियों को दी गई। कार्यक्रम में छात्र स्वास्थ्य परीक्षण और स्वास्थ्य वीर योजना के अंतर्गत कुल 65 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ.बीआर नायक, डॉ.रमाकांत कुर्रे, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सक कुमारी किरण तिर्की, फार्मासिस्ट पिताम्बर सिंह नेताम सहित विद्यालय स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।



---



## आवा पानी झोंकी अभियान के तहत जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनहत

जल संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत सोनहत में आवा पानी झोंकी अभियान के तहत एक जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

इस रैली का नेतृत्व ग्राम पंचायत के सरपंच, उप सरपंच एवं पंचगणों द्वारा किया गया, इसमें ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को यह संदेश दिया गया कि वर्तमान समय में जल संकट एक गंभीर विषय बन चुका है और पानी की एक-एक बूंद का संरक्षण आवश्यक है। रैली के दौरान पानी बचाओ-जीवन बचाओ, हर बूंद कीमती है जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। जनप्रतिनिधियों ने लोगों से अपील की कि वे नलों को खुला न छोड़ें, खेती में जल संरक्षण तकनीकों का उपयोग करें तथा वर्षा जल संचयन जैसे उपाय अपनाएं। इस मौके पर सरपंच ने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम जल को व्यर्थ न बहाएं।

यदि आज हम सचेत नहीं हुए, तो भविष्य की पीढ़ियों को जल संकट का सामनाकरना पड़ेगा। रैली ग्राम के मुख्य मार्गों से होते हुए पंचायत भवन तक निकाली गई, जहां जल संरक्षण से जुड़ी जानकारियां दी गई और ग्रामीणों से अपील की गई कि वे इस मुहिम को अपने घर-घर तक पहुंचाएं। ग्रामीणों बेटी बचाने और बेटी के जन्म के साथ पांच पौधे लगाने जैसे संकल्प भी लिया गया। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में लगातार जिले में पानी बचाने के उपाय पर कार्यशाला व जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है।

---

#### मौसम साफ होने के बाद बढ़ने लगी गर्मी

# शहर में सार्वजनिक प्याऊ की दिख रही कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मौसम खुलने के बाद दिनों दिन गर्मी बढ़ने लगी है, ऐसे में लोगों को अपने प्यास बुझाने के लिए शीतल जल की आवश्यकता होती है।

नगर पालिका बैकुण्ठपुर द्वारा अप्रैल माह की शुरूआत के साथ ही शहर के कुछ सार्वजनिक जगहों पर प्याउ खोला, लेकिन अप्रैल माह का एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी महत्वपूर्ण जगहों पर अब तक सार्वजनिक प्याउ नहीं खोले गए हैं। नपा द्वारा शहर क्षेत्र में सार्वजनिक प्याउ खोलने में कंजूसी दिखा रही है। यही कारण है कि जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर में अब तक केवल गिनती के ही जगहों पर सार्वजनिक प्याउ खोला गया है। लोगों का कहना है नगर पालिका को प्रमुख सार्वजनिक जगहों पर प्याउ खोलने की जरूरत है।




#### एक पखवाडे में ही प्याऊ गायब

नपा द्वारा शहर के स्कूलपारा मुख्य मार्ग पर जिस जगह पर प्याउ खोला गया था, वहां मंगलवार को सार्वजनिक प्याउ का बैनर लटक रहा था, लेकिन उसके नीचे रखे घडे गायब थे। यहां प्याउ का शुभारंभ होने के कुछ दिन बाद तक घडे दिखाई दे रहे थे, लेकिन उसके बाद सार्वजनिक प्याउ का बैनर ही लटक रहा है। हालांकि इस जगह पर कम ही राहगीर प्याउ का उपयोग करते हैं।

#### बस स्टैंड में अब तक नहीं खुला नपा का प्याऊ

नपा परिषद द्वारा अप्रैल माह की शुरूआत होने के साथ ही शहर के तीन जगहों पर सार्वजनिक प्याउ खोला गया, वहीं शहर के जिन जगहों पर लोगों की सबसे ज्यादा आवाजाही रहती है, उन जगहों पर अब तक सार्वजनिक प्याउ नहीं खुल पाया है, उन्हीं जगहों में व्यस्त क्षेत्र बस स्टैंड भी शामिल है। जानकारी के अनुसार शहर के न तो पुराने बस स्टैंड पर नपा द्वारा प्याउ खोला गया है और न ही न्यू प्रतीक्षा बस स्टैंड पर ही प्याउ की सुविधा दी गई, जबकि प्रतीक्षा बस स्टैंड पर काफी संख्या में लोगों की आवाजाही रहती है, वहीं पास में ही तहसील कार्यालय है। ऐसे जगह पर प्याउ की सबसे ज्यादा जरूरत है, लेकिन इन जगहों पर प्याउ खोलने में नपा प्रशासन अब तक ध्यान नहीं दे रहा है।

---



नए अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते समाज के लोग

## अग्रहरि समाज के अध्यक्ष बने अतुल

**बैकुण्ठपुर।** अग्रहरि समाज बैकुंठपुर में रविवार को आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से अतुल गुप्ता को समाज का नया अध्यक्ष चुना गया।

इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन, युवाओं एवं महिलाओं ने एक स्वर में उनका समर्थन करते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी। श्री गुप्ता एक सक्रिय समाजसेवी के रूप में जाने जाते हैं। वे लंबे समय से समाजहित में कार्य कर रहे हैं। नवनियुक्त अध्यक्ष ने सभी सदस्यों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वे समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलेंगे और एकजुटता के साथ समाज के उत्थान के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने समाज के युवाओं को आगे आने का आह्वान भी किया। श्री गुप्ता को अध्यक्ष बनाए जाने पर समाज के लोगों के साथ-साथ अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल कार्यकाल की कामना की।

## खबर संक्षेप



### दुष्कर्म एवं हत्या के आरोपी को मिले फांसी की सजा, सौंपा ज्ञापन

**भैयाथान।** सर्व यादव समाज ने दुर्ग की 6 वर्षीया बालिका के साथ हुए दुष्कर्म व हत्या के दोषी को फांसी की सजा तथा पीड़ित परिवार को 50 लाख मुआवजा दिलाने की मांग की है तथा राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंप की है। जिलाध्यक्ष रामाशंकर यादव ने बताया कि 5 अप्रैल को दुर्ग जिला के मोहरनग थाना अंतर्गत ग्राम ओमनगर में 6 वर्षीया मासूम बालिका के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या करना अक्षम्य अपराध है। मामले में सर्व यादव समाज ने हत्यारे को जल्द से जल्द फांसी की सजा देने, मामले की न्यायिक जांच कराने एवं पीड़ित परिवार को 50 लाख की अनुग्रह राशि प्रदान करने की मांग राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री से की है। इस दौरान पारस यादव, कुंजलाल यादव, विभीषण यादव, मनोज यादव, नंद कुमार यादव, दीना यादव, संजय यादव, राजेश यादव, पिंटू यादव सहित समाज के लोग मौजूद थे।

### संदीप बंग समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष सूरज मीडिया प्रभारी नियुक्त

**बिश्रामपुर।** छग बंग समाज कल्याण समिति के



प्रदेश अध्यक्ष रामू घोष द्वारा सूरजपुर जिले से संदीप सरकार को छग बंग समाज कल्याण समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष और सूरज दास को छत्तीसगढ़ बंग समाज का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। उक्त नियुक्ति से समाज के लोगों में हर्ष व्याप्त है।

### लटोरी क्षेत्र से अवैध गिट्टी परिवहन करते 3 वाहन जब्त

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देशानुसार खनिज अमला सूरजपुर द्वारा



खनिजों के अवैध परिवहन की रोकथाम पर लगातार कार्यवाही करते हुए ग्राम खड़गवांकला, लटोरी क्षेत्र से अवैध गिट्टी परिवहन करते 3 वाहन को जब्त कर पुलिस थाना की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ रखा गया है।बताया गया कि इन सभी अवैध परिवहनकर्ताओं पर खनिज नियमों के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

## राशि वसूलने कर्मचारियों को छूट रहा पसीना

# ग्राम पंचायत सुवारपारा व सेदम में विद्युत विभाग का 2 करोड़ बकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

**खास बात**

- अचानक विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों के पहुंचने से ग्रामीणों में मचा हड़कंप

विकासखंड बतौली के ग्राम पंचायत सुवारपारा व सेदम में विद्युत विभाग का दो करोड़ बिजली बकाया है। हैरानी की बात तो यह है कि सात साल बाद बिजली विभाग जागा है और राशि वसूलने निकला है। अचानक गांव में बिजली विभाग के अधिकारी समेत कर्मचारियों के पहुंचने तथा बकाया बिल की मांग करने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। इधर विभाग के कर्मचारियों को भी राशि वसूलने में पसीने छूटने लगे है।

बतौली बिजली विभाग द्वारा दो गांव सेदम और सुवारपारा में विभाग के लगभग 2 करोड़ की राशि वसूलने मैदानी स्तर पर अपनी टीम के साथ मशक्कत कर रहे है। इधर उपभोक्ताओं को बिजली विभाग द्वारा अचानक बिना सूचना के बिजली बिल की बकाया राशि वसूलने से दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। गौरतलब है कि बतौली बिजली विभाग के ग्राम पंचायत सेदम और सुवारपारा में बिजली उपभोक्ताओं के ऊपर लगभग 2 करोड़ की राशि बकाया है। बतौली बिजली विभाग के अधिकारी एई आरपी सिंह द्वारा टीम गठित कर उपभोक्ताओं से बिजली बिल के बकाया राशि वसूलने घर घर भेजा जा रहा है। फील्ड कर्मचारी के साथ लगभग 15 लोगों की टीम अचानक उपभोक्ताओं के घर मीटर जांच कर ऑनलाइन बिल निकाल राशि की मांग कर रहे है। सक्षम उपभोक्ताओं द्वारा विभाग को बिजली बिल की राशि उपलब्ध कराई जा रही है लेकिन मध्यम वर्गीय उपभोक्ता को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राशि नहीं देने पर घर में लगे बिजली कनेक्शन को विभाग द्वारा काटा जा रहा है और विद्युत तार को जब्त किया जा रहा है। गांव में अचानक विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के आने तथा बकाया बिल राशि नहीं देने पर लाइन काट देने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है।



बकाएदारों से चर्चा करते विद्युत अधिकारी।

### 2018 से नहीं बटा बिजली बिल

बिजली बिल उपभोक्ताओं तक सात साल तक बिजली बिल नहीं पहुंचा है। जब से बिजली बिल ठेकेदार द्वारा भिजवाया जा रहा है तब से मैदानी स्तर पर बिल उपभोक्ताओं के पास पहुंचा ही नहीं। ऐसे में उपभोक्ता बिल की राशि विभाग को अदायगी नहीं की जिससे बतौली बिजली विभाग का उपभोक्ताओं पर सिर्फ दो गांव में 2 करोड़ की बकाया राशि वसूलना है। पूरे विकास खंड के 42 ग्राम पंचायतों में करोड़ों की बकाया वसूली विभाग के लिए चुनौती बन गया है।

### हॉफ बिजली बिल योजना से ग्रामीण वंचित

बतौली बिजली विभाग के कर्मचारियों सहित ग्रामीणों का कहना शासन की महत्वाकांक्षी हॉफ बिजली बिल योजना से वंचित हो रहे है। बतौली विकासखंड में भाजपा शासन की महत्वाकांक्षी हॉफ बिजली बिल योजना से उपभोक्ताओं को नुकसान हो रहा है। ऐसे में पूरे ब्लॉक में करोड़ों की राशि बिजली विभाग का बकाया है।

### वसूल किए जा रहे बकाया राशि

जब तक उपभोक्ता बिजली बिल की बकाया राशि नहीं देंगे तब तक उनको हॉफ बिजली बिल का लाभ नहीं मिल पाएगा। टीम द्वारा घर घर पहुंच उपभोक्ताओं को जानकारी देने के साथ ही बकाया राशि की वसूली की जा रही है। समय रहते बकाया राशि का भुगतान कर हॉफ बिजली बिल का लाभ उपभोक्ता उठा सकेंगे।

**-आरपी सिंह**, एई बतौली

## विधायक ने 18 मानस मंडलियों को प्रदान किया 1 लाख 74 हजार का चेक

**डांड़गांव।** उदयपुर मुख्यालय के 18 ग्राम पंचायतों के मानस मंडलियों को एक लाख चौहत्तर हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया है।



विधायक राजेश अग्रवाल ने उदयपुर मुख्यालय के अलग अलग 18 ग्राम पंचायतों के भक्ति से जुड़े मानस मंडलियों को विधायक प्रतिनिधियों के हाथों से चेक प्रदान किया गया है। जिसमें सरस्वती संगम मानस मंडली पंडरी पानी, मां शारदा मानस मंडली कोटमी, सरस्वती मानस मंडली को 8-8 हजार, प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर उदयपुर, प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर खमरिया, गंगा श्री मानस मंडली सोनतराई, श्री राम सेवा मानस मंडली मोहनपुर, नवयुवक मानस मंडली ग्राम जजगी, कबीर दास मानस मंडली ग्राम केशगंवा, शिव मानस मंडली ग्राम झिरमिट्टी, युवा मानस मंडली ग्राम पुटा, सुगन्हारिन दाई मानस मंडली ग्राम लक्ष्मणगढ़, प्रेम सागर मानस मंडली ग्राम मानपुर, महादेव मानस मंडली ग्राम महेशपुर, सियाराम मानस मंडली ग्राम जजगा, हरे राम मानस मंडली ग्राम केशमा, , शिव चर्चा मंडली ग्राम केदमा को 10-10 हजार का चेक विधायक प्रतिनिधि के हाथों प्रदान किया गया। सभी मानस मंडली के पदाधिकारियों ने विधायक राजेश अग्रवाल की सराहना की। प्रबोध सिंह, अनिल सिंह, मनीष बंसल, डालेश्वर यादव द्वारा सभी 18 ग्रामों में जाकर मानस मंडलियों के अध्यक्षों के हाथ चेक सौंप कर प्रोत्साहित किया गया है। इस दौरान कमलावती सिरदार, किरण सिंह सिरदार, वीर सिंह, विपिन यादव, धर्मेश यादव, विजय सिरदार, संदीप कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने दोहराया डॉ. अंबेडकर का नारा शिक्षित हो, संगठित रहो और संघर्ष करो

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- डॉ. अम्बेडकर की जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि



बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने उनकी छाया चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। बाबा साहब के नारे शिक्षित हो, संगठित रहो और संघर्ष करो का उल्लेख करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि यह नारा आज के अघोषित आपातकाल में प्रासंगिक हो गया है।

भाजपा द्वारा सत्ता में बने रहने के लिए समाज मे फैलाए जा रहे झूठ पर हमें शिक्षित होना है, भाजपा के विभाजनकारी नीतियों के विरोध में हमे संगठित होना है और देश मे लोकतंत्र की पुनः स्थापना के लिए संघर्ष करना है। 20 सूत्रीय कार्यक्रम के पूर्व उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने कहा कि बाबा साहब ने अस्पृश्यता के खिलाफ संघर्ष करके आजाद भारत के संविधान के माध्यम से इसे अप्रासंगिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज मनुस्मृति के पैरोकारों के शासन में एक दलित राजनेता के मंदिर प्रवेश पर उसे भाजपाई गंगाजल से धुलवा रहे हैं। निगम में नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि बाबा साहब ने समाज मे समानता की आवाज उठायी थी। इस दिशा में कदम उठाते हुए उन्हें संविधान सभा में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई थी। संविधान के निर्माण के बाद कांग्रेस के शासन में इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल किये गए जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आये। लेकिन पिछले 10 वर्षों में जिस प्रकार से संविधान को तार तार किया गया है उससे बाबा साहब के समानता की अवधारणा को चोट पहुंची है। पूर्व महापौर डॉ अजय तिर्की ने कहा कि बाबा साहब के बनाए हुए संविधान के माध्यम से नागरिकों का हित केवल कांग्रेस ही कर सकती है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव ने कहा कि बाबा साहब के द्वारा दिया गया भारत का संविधान भारत के नागरिकों के लिए गीता, क़ुरान, बाइबिल और गुरुग्रंथ साहिब की तरह है और भारत का नागरिक गीता, क़ुरान, बाइबिल और गुरुग्रंथ साहिब की तरह पवित्र संविधान के साथ छेड़छाड़ बर्दाश्त नही करेगा। पीसीसी महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा ने बाबा साहब के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए यह संदेश दिया कि जिस प्रकार बाबा साहब ने तत्कालीन समाज में जातिवाद और भेदभाव के खिलाफ संघर्ष छेड़ा था, आज के भयावह राजनीतिक परिस्थितियों में ऐसे ही राजनीतिक संघर्ष की आवश्यकता है। इस दौरान मो. शफीक खान, मो. इस्लाम, विनय शर्मा, दुर्गेश गुप्ता, रशीद अहमद अंसारी, मदन जायसवाल, संजय विश्वकर्मा, हेमंत तिवारी, गीता प्रजापति, विनीत जायसवाल, अनिल सिंह, राजीव अग्रवाल, लालचंद यादव, लक्ष्मी गुप्ता, पपिन्दर सिंह, मो हसन, कलीम अंसारी, मो बाबर, अनूप मेहता, अशफाक अली, गुरुप्रीत सिद्धू, दिनेश सोनी, प्रमोद चौधरी, बालकेश्वर तिर्की, नरेंद्र विश्वकर्मा, अजय सिंह, आलोक सिंह, मेराज रंगरेज, निखिल विश्वकर्मा, नीतीश कुमार चौरसिया, शुभम जायसवाल, सतीश बारी, चंद्रप्रकाश सिंह, आशीष जायसवाल, आतिश शुक्ला, अमित सिंह, मिथुन सिंह, आदि मौजूद थे।

### अजाक्स, रविदास संघ के साथ ही विभिन्न संगठनों ने मनाई डॉ. अंबेडकर जयंती

**बलरामपुर।** सोमवार को रविदास समाज द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिला अजाक्स संघ, रविदास समाज संघ, आदिवासी समाज संघ के साथ ही पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक वर्ग द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन विनय नगर में किया गया। बाबा साहब की 135वीं जयन्ती के अवसर पर बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर, गौतम बुद्ध व संत शिरोमणि रविदास जी की प्रतिमा का अनावरण किया गया। प्रतिमाओं के अनावरण उपरांत दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष शिव प्रसाद रवि ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर दलित समाज सेवा व्यक्ति थे जिन्होंने देश की संविधान की रचना की। उनकी महानता का जितना व्याख्यान किया जाए उतना कम है। सभा को सर्व आदि समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार मुरम, अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष अमित सिंह खरवार, सर्व आदिवासी समाज के संभागीय उपाध्यक्ष राजेश्वर महतारी, कांग्रेस युवा अध्यक्ष मोहम्मद नदीम अंसारी, जनपद अध्यक्ष अशर्फी यादव, भुईया समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष बीरबल सारुता आदि ने भी संबोधित किया और बाबा साहब के द्वारा संविधान में दिए गए अधिकारों का व्याख्यान करते हुए सभी धर्म में सभी वर्गों में सभी जातियों में भाईचारा, समानता, स्वतंत्रता को मजबूत करते हुए एकता के साथ मिलजुल कर रहने की बात कही। इस दौरान मुख्यालय बलरामपुर में राजेंद्र भगत, कुसमी में श्रीमती सीता भास्कर, शंकरगढ़ में विनोद कुमार रवि, रामचंद्रपुर में चंद्रदेव रवि, रामानुजगंज में राजेश भारती में जयंती मनाई गई। जिला स्तरीय कार्यक्रम में शिवकुमार, राजू रवि, शिवनाथ रवि, अमित कुमार रवि, देवनारायण रवि, मनदीप रवि, जयकुमार रवि, सत्य जीवन रवि, अमरेंद्र रवि, जीतन रवि, रंजीत रवि, बल्धानी रवि, बीरबल रवि, अनुरंजन लकड़ा, सुरेश गुप्ता, उपेंद्र मुर्मू, संतोष कुमार यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### मोबाइल चोरी कर खाते से पार किया 99 हजार रुपए

**अम्बिकापुर।** गुदरी बाजार कें खरीदारी करने गए व्यक्ति का मोबाइल चोरी कर अज्ञात लागो ने उसके खाते से 99 हजार 878 रूपए पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार केदारपरपुर जोड़ा पीपल समीप निवासी प्रितपाल सिंह आ. सरदार अजीत सिंह गत दिन सुबह गुदरी बाजार में खरीदारी करने लगा था। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने उसके पास रखे मोबाइल को चोरी कर लिया। साथ ही चोरी की गई मोबाइल से यूपीआई आईडी के माध्यम से अलग-अलग किस्तों मे कुल 99 हजार 878 रूपए पार कर दिया। इधर घटना की जानकारी लगने पर मोबाइल मालिक ने धोखाधड़ी कर उसके खाते से कई किस्तों में राशि आहरण की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 318(4) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनोरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

सरगुजा मार्केट

TOP IN SURGUJA
डॉ. तुषार जैन — श्वांस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ — दिनांक - 13 अप्रैल 2025 दिन - रविवार, सुबह 11 बजे से 3
डॉ. कल्पना दाश — M.B.B.S, M.D., DM (ENDO) अपोलो डायबिटिज हॉस्पिटल, रायपुर
डॉ. दीपक अग्रवाल — एम.बी.बी.एस., डी. आर्थो (एफ.पी.ओ.) हड्डी रोग विशेषज्ञ — दिनांक - 11 अप्रैल 2025 दिन - शुक्रवार, सुबह 11 से 3
निशांत मेडिकोज देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.) पंजीयन हेतु फोन नं. 73542 60555

डॉ. हर्षप्रीत सिंह टुटेजा — SRS HOSPITAL — 24x7 इमरजेंसी सेवा भर्ती, एवं आई.सी.यू. ऑपरेशन — जिला अस्पताल रोड, मणिपुर स्कूल के सामने, अम्बिकापुर — +919617605000, +917049985558

गायत्री हॉस्पिटल — MULTISPECIALTY HOSPITAL — डॉ. प्रज्ञा ओझा — स्त्री रोग विशेषज्ञ — बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) — 9424250281 | 8120906000 | 8120809000

मूत्र रोग विशेषज्ञ — डॉ.राहुल कपूर — दिनांक 23 अप्रैल 2025 दिन - बुधवार — (O.P.D.) 8225888500 — डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल, खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

लेजर मशीन द्वारा — लेजर के फायदे — डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल — मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

UNIQUE CONVENT HIGHER SECONDARY SCHOOL — ADMISSION OPEN — Nursery to K.G & Class 1st to 12th — Chandani Chowk, Khairbar Road Ambikapur (C.G.), Mo. 8223020720, 6263495007

प्रकाश हॉस्पिटल — सर्जिकल विभाग — LAPAROSCOPY (लेप्रोस्कोपिक पद्धति) — जिला अस्पताल रोड, सरी तालाब के सामने, अम्बिकापुर — 9713667433, 9617247433

डॉ. ए.एफ. दानिश — रविवार, 27 अप्रैल 2025 — प्लास्टिक सर्जरी — डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल — 7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ — डॉ.अमित मुखर्जी — M.S.Mch Neuro Mumbai — 27 अप्रैल 2025, दिन - रविवार — विद्या डायग्नोस्टिक — मो. :- 7587722255

ऊँ जय माँ कंकाली ऊँ — डॉ.जे.पी. दुबे (पुष्पेन्द्र) — रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर समयानुसार मिलें — मो.9630231500, 9630995600

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर) माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल — 07774-222555, 9425583780, 9826183788, 8224007799, 8718003300, 6262639090

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल — नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर — 0771-4050006, 8103128515 — डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO — डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

## खबर संक्षेप



### बतौली मे हुआ किशोर और किशोरियों का पांच दिवसीय एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम

**बतौली/सेदम।** बतौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सी 3 संस्था द्वारा संगवारी कार्यक्रम के माध्यम से 287 पीयर एजुकेटर और संगवारी सदस्यों का पांच दिवसीय एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। एक्सपोजर विजिट का उद्देश्य किशोर किशोरियों को विभिन्न सरकारी विभाग के योजनाओं की जानकारी देने तथा महिला बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जनपद पंचायत विभाग का विजिट कराया गया। जिसमें महिला बाल विकास विभाग ने बाल विवाह रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी दिया साथ ही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। बतौली थाना प्रभारी चंद्रप्रताप तिवारी द्वारा पुलिस विभाग की जानकारी बताया गया साथ ही साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा नियम, इत्यादि पर विस्तृत जानकारी दिया गया। जनपद पंचायत द्वारा पंचायत विभाग से जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के बारे में और स्वास्थ्य विभाग की ओर से किशोर स्वास्थ्य एवं परामर्श केन्द्र की सुविधाएं और आयुष्मान भारत योजना इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया।

### दलित क्षेत्रों में वीएम कालेज ऑफ नर्सिंग चलाएगा स्वास्थ्य कार्यक्रम



**बिश्रामपुर।** वीएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग बिश्रामपुर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. आस्था महंत, डायरेक्टर विजयराज अग्रवाल व प्राचार्य आदित्य सिंह द्वारा किया गया। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके सामाजिक योगदान और संविधान निर्माण में उनके महत्त्वपूर्ण योगदान पर भाषण प्रस्तुत किए। सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत गीत, कविता पाठ और नाट्य मंचन भी आयोजित किए गए, जिनमें डॉ. अंबेडकर के विचारों और संघर्षों को दर्शाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आस्था महंत ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने छुआछूत के अलावा जाति प्रथा और ऊंच-नीच के भेदभाव को न सिर्फ महसूस किया, बल्कि उसके कारण कई बार अपमान का सामना भी किया। इसी अन्याय के खिलाफ उन्होंने जीवनभर संघर्ष किया। कॉलेज के डायरेक्टर विजयराज अग्रवाल ने भी डॉ. अंबेडकर के सिद्धांतों को अपनाने और समाज में समानता व शिक्षा के प्रसार के लिए प्रेरित किया। उन्होने बाबा साहेब के बारे में कुछ रोचक तथ्य भी बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर लगभग 9 भाषाओं के ज्ञाता थे। 21 वर्ष की उम्र तक लगभग सभी धर्मों का गहरा अध्ययन किया था। डॉ. अंबेडकर ऐसे पहले व्यक्ति थे जिन्होंने अर्थशास्त्र में पीएचडी विदेश में जाकर की थी। उनके पास कुल 32 डिग्रियां थीं, जो उनकी शिक्षा और समर्पण को दर्शाती हैं।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### चोरों ने बैंक के सामने से पार किया स्कूटी

**अम्बिकापुर।** गुदरी चौक विजय मार्ग निवासी सिमरन बाबरा गत दिन स्कूटी क्रमांक सीती 15 सीएक्स 4286 से खरसिया चौक समीप बैंक गई थी। युवती बैंक के सामने स्कूटी का खड़ा कर काम के सिलसिले में बैंक चली गई। कुछ समय बाद बाहर निकला तो देखा स्कूटी अपनी जगह से गायब है। काफी खोजबीन के बाद स्कूटी का कहीं पता नहीं चला तो घटना की जानकारी परिजन को दी। जिस पर शोभा खन्ना ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## पेज 1 के शेष...

### उचित मूल्य दुकान में 144 हितग्राहियों...

के चावल का वितरण किया गया। जांच के दौरान पूर्व सरपंच श्रीमती जाग्मती और सचिव सीमा जायसवाल बयान के लिए उपस्थित नहीं हुई। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि शाउमू दुकान बेबदी में मार्च माह में 79.70 क्विं. चावल, 1.77 क्विं. शक्कर, 9.16 क्विं. चना एवं 4.14 क्विं. नमक प्रदान किया गया। इसमें से दुकान विक्रेता द्वारा 229 हितग्राहियों का खाद्यान्न 76.95 क्विं. चावल, 4.56 क्विं. नमक एवं 2.29 शक्कर का वितरण किया गया लेकिन 144 हितग्राहियों का अंगूठा लगवाने के बाद भी 44 क्विंटल चावल का वितरण नहीं किया गया। उक्त चावल की कीमत 1 लाख 76 हजार है है। जांच में पुष्ट हुआ कि सचिव श्रीमती सीमा जायसवाल, पूर्व सरपंच श्रीमती जागमति, सहायक विक्रेता संतोष कुमार, पूर्व सरपंच के पति जीतलाल एवं तौलक कन्हैया लाल द्वारा खाद्यान्न वितरण में अनियमितता बरती गई है जिसके लिये पूर्ण रूप से जिम्मेदार है। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने बीएनएस की धारा 316 (5), 318(4) 61(2) एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3, 7 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। बड़ी बात यह है कि जिन आरोपियों पर चावल गबन का आरोप लगा है उनमें वर्तमान जनपद उपाध्यक्ष पवन जायसवाल की पत्नी सचिव सीमा जायसवाल का नाम भी शामिल है। इसी मामले में पुलिस ने सहायक विक्रेता बलंगी के ग्राम बबली निवासी 27 वर्षीय संतोष कुमार पंडो आ. जवाहर लाल पंडो और तौलत 42 वर्षीय कन्हैया लाल आ. जोखन राम पण्डो को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है इसके साथ ही अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## गुणवत्ताहीन सीमेंट एवं नाले के रेत से हो रहा निर्माण

# टाइगर रिजर्व के अधिकारियों की मनमानी बिना नींव के जंगल में बना रहे स्टॉप डेम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बिहारपुर

**खास बात**

- नहीं ली गई तकनीकी एवं पर्यावरणीय स्वीकृति

गुरू घासीदास तमोर पिंगला अभ्यारण्य में निवासरत वन्य जीवों को पेयजल उपलब्ध कराने के नाम पर अधिकारी जमकर खानापूर्ति कर रहे हैं। योजना के तहत टाइगर रिजर्व के दूरस्थ क्षेत्रों नदी-नालों पर स्टॉप डेम के नाम पर गुणवत्ताहीन निर्माण किया जा रहा है। अधिकारी पर्यावरणीय एवं तकनीकी निर्देशों की अवहेलना कर निर्माण के नाम पर जमकर मनमानी कर रहे हैं।

गुरू घासी दास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व का गठन हुए अभी 6 महीने भी नहीं हुए हैं और अधिकारियों ने निर्माण के नाम पर राशि हड़पना शुरू कर दिया है। शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-25 में वन्य जीवों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जंगल के नदी-नालों पर विभिन्न संरचनाएं बनाने की स्वीकृति प्रदान की गई थी। विभाग द्वारा आनन-फानन में अब निर्माण की शुरूआत की गई है टाईगर रिजर्व अंतर्गत रिहंद रेंज के रसौकी सर्किल स्थित केराझरिया नाला पर स्टॉप डेम का निर्माण कराया जा रहा है। एक सप्ताह पूर्व ही बीट गार्ड की देखरेख में निर्माण प्रारम्भ किया गया है। निर्माण को लेकर विभाग की गंभीरता एवं गुणवत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अधिकारी नींव तैयार किए बिना ही स्टॉप डेम का निर्माण शुरू करा दिए हैं। निर्माण में शामिल राजमिस्त्री व मजदूर जमीन की सतह से आधार तैयार किए बिना स्टॉप डेम की ढलाई कर रहे है। निर्माण के लिए स्थानीय स्तर पर निर्मित गुणवत्ताहीन सीमेंट, केरी झरिया नाला के रेत का उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है।



निर्माण कार्य में लगे मजदूर।

**तकनीकी निर्देशों की अवहेलना**

विभाग ने स्टॉप डेम निर्माण के लिए न तो कार्ययोजना बनाई है न ही इसकी तकनीकी एवं पर्यावरणीय स्वीकृति ली है। स्टॉप डेम निर्माण के लिए नक्शा तक तैयार नहीं किया गया है। तकनीकी स्वीकृति, कार्ययोजना, प्राक्कलन एवं पर्यावरणीय स्वीकृति के बिना कोई भी शासकीय निर्माण अमानक माना जाता है। अन्य शासकीय विभागों में ऐसा निर्माण संभव भी नहीं है लेकिन विभाग के अधिकारी बेखौफ होकर इस तरह के गुणवत्ताहीन निर्माण करा रहे हैं। योजना अंतर्गत रिहंद परिक्षेत्र अंतर्गत दूरस्थ छतरंज एवं लुल्ह बीट में भी स्टॉप डेम का निर्माण इसी तरह मनमानी पूर्वक किया जा रहा है। जिन स्थानों पर स्टॉप डेम का निर्माण किया जा रहा है वे विकासखंड ओड़गी के दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के पहुंचविहीन इलाके हैं। लोगों में जागरूकता की कमी होने के कारण अधिकारी निर्माण के नाम पर जमकर खानापूर्ति कर रहे हैं।

**मार्च में आहरित कर ली थी राशि**

विभागीय सूत्रों का कहना है कि अधिकारियों ने मार्च में ही फर्जी मस्टर रोल एवं निर्माण सामग्री का फर्जी बिल लगाकर स्टॉप डेम निर्माण की पूरी राशि आहरित कर ली थी। मामले में टाइगर रिजर्व के वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि बिना निर्माण राशि आहरित करने का मामला लोगों के संज्ञान में आने पर अधिकारियों ने आनन-फानन में निर्माण शुरू कराया।

**चल रहा निर्माण**

रसौकी सर्किल में स्टॉप डेम का निर्माण चल रहा है। स्टॉप डेम का निर्माण बिना नींव के किया जा रहा है इसकी जानकारी मुझे नहीं है। दो परिक्षेत्रों का चार्ज होने के कारण फिलहाल रामगढ़ में हूं।

-ललित साय पैकरा
गेम रेंजर, रिहंद परिक्षेत्र

निर्माण में सामग्री परिवहन एवं निर्माण स्थल के पेड़ों को ढहाने एवं परिवहन के लिए जेसीबी व ट्रैक्टर का भी उपयोग किया जा रहा है। जंगल में बिना नींव तैयार किए स्टॉपडेम का गुणवत्ताहीन निर्माण कराने की सूचना पर शनिवार को आसपास के ग्रामीण स्थल पर पहुंचकर विरोध जताया था। इस दौरान बीट गार्ड ने निर्माण का विरोध कर रहे ग्रामीणों को धमकी देकर भगा दिया था जिसके बाद विभाग के मनमानी की जानकारी लगी।



हनों की जांच करते पुलिस अधिकारी।

## बाबा चौक के समीप पुलिस ने की वाहनों की सघन जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

कुसमी नगर पंचायत अंतर्गत जशपुर बाबा चौक में थाना प्रभारी द्वारा एमवी एक्ट के तहत वाहन चालकों की जांच कर कार्रवाई की गई।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित कुसमी एसडीओपी इमानुएल लकड़ा के मार्गदर्शन में कुसमी थाना प्रभारी द्वारा पुलिस बल के साथ कुसमी जशपुर बाबा चौक के समीप एमवी एक्ट के तहत सड़क पर आवागमन करने वाले दो पहिया वाहन एवं चार पहिया वाहन के चालकों की संघन जांच की। सभी वाहन चालक से कागजात की जांच की गई साथ ही चालकों को हेलमेट पहनने की सलाह दी गई। वाहन को धीमी गति से चलाने की सलाह देते हुए दो पहिया वाहन में दो व्यक्ति को ही सवार होने की समझाइश देते हुए शराब के नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने की सलाह देते हुए घर अपने परिवार के लिए सुरक्षित आवागमन करने की बात कही। एमवी एक्ट के तहत दो पहिया वाहन एवं चार पहिया वाहन की जांच करने के दौरान थाना प्रभारी ललित यादव के अलावा पुलिस जवान मौजूद रहे।



प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ी।

## तमोर प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में हर्रा टिकरा ने जीता खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

तमोर प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में हर्रा टिकरा की टीम ने तमोर हंटर्स की टीम को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। तमोर प्रीमियर लीग के समापन में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चन्द्रमणि पैकरा व विशिष्ट आतिथ्य मंडल उपाध्यक्ष शरद चंद्र द्विवेदी के आतिथ्य में फाइनल मैच का समापन हुआ। अध्यक्षता समय लाल मिश्रा द्वारा किया गया।

रविवार को ग्राम तमोर में क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला गया जिसमें पहला फाइनल मैच हर्रा टिकरा बनाम श्याम नगर के मध्य खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए हर्रा टिकरा टीम ने 10 ओवर में 111 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए श्यामनगर टरम 10 ओवरों में 72 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। दूसरा मैच तमोर हंटर्स बनाम राजकिशोर नगर (सिरकी) के मध्य खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए तमोर हंटर्स टीम ने 78 रनों का लक्ष्य दिया जिसका पीछा करते हुए सिरसी टीम 9.3 ओवर में 74 बनाकर ऑल आउट हो गई। दोनों मैच में अच्छी गेंदबाजी करते हुए हर्रा टिकरा और तमोर हंटर्स कि टीम ने फाइनल का खिताब अपने नाम किया। इस दौरान राजेश कुमार, सोनू देवांगन, खिरोधन राजवाड़े, रोशन राजवाड़े सहित भाजपा कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## सुशासन तिहार में सरगुजा में मिले 1.40 लाख से अधिक आवेदन

**अम्बिकापुर।** सुशासन तिहार अंतर्गत जिले में 8 से 11 अप्रैल तक सरगुजा के विभिन्न विकासखण्डों में 1.40 लाख से अधिक आवेदन मिले है। विकासखण्ड एवं नगरीय निकायों में प्राप्त आवेदनों का ऑनलाइन प्रविष्टि की जा रही है। कलेक्टर ने सभी आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए है। 12 अप्रैल से 4 मई के मध्य प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण किया जाएगा तथा 5 मई से 31 मई तक जिलेभर में सुशासन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में ऑनलाइन समाधान की सुविधा उपलब्ध रहेगी। शिविर अवधि में अधिकारी-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया गया है। सुशासन तिहार के तहत अब तक जिले में 1,40,904 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1,38,635 मांग, 2,258 शिकायत एवं 11 अन्य आवेदन प्राप्त हुए है। इसी तरह शहर के नगरीय निकाय क्षेत्र से मांग के 6777 और शिकायत के 921 कुल 7698 आवेदन मिले है। सीतापुर से मांग के 776 और शिकायत के 75 कुल 851 आवेदन, लखनपुर से मांग के 207 और शिकायत के 4 कुल 211 आवेदन प्राप्त हुए हैं। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड, वन अधिकार पत्र, पीएम आवास योजना, मनरेगा जॉब कार्ड, महतारी वंदन योजना, राजस्व प्रकरण के साथ ही स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की तथा अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

## 24 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ के पूर्व निकाली गई कलश यात्रा



**सेदम/बतौली।** बतौली में चार दिवसीय 24 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ के पूर्व विशाल कलश यात्रा निकाली गयी। आयोजकों ने बताया शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में मनुष्य में देवत्य के उदय एवं धरती पर स्वर्ग के अवतरण हेतु नारी सशक्तिकरण 24 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ एवं श्रीमद प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन बगीचा रोड बतौली में किया गया है। यज्ञ के पूर्व मंगलवार को विशाल यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के सदस्य पिला वस्त्र में शामिल हुए। 124 कुण्डीय महायज्ञ एवं श्रीमद प्रज्ञा पुराण कथा बुधवार से प्रारम्भ होगी। महायज्ञ के दौरान सुबह 6 बजे ध्यान साधना प्रज्ञा योग, 8 बजे देव पूजन एवं गायत्री महायज्ञ सायं 5 बजे प्रज्ञा पुरान कथा शुक्रवार तक होगी।

## ग्राम चिरगा के बेवरापारा में मिले डायरिया के 14 मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पहाड़ी कोरवा बस्ती में उल्टी दस्त की शिकायत, लगाया गया कैम्प, कलेक्टर ने लिया जायजा

सरगुजा के लुंड्रा विकासखंड के दूरस्थ ग्राम चिरगा बेवरापारा में डायरिया की पुष्टि हुई है। गांव में 12 पहाड़ी कोरवा डायरिया से ग्रसित पाए गए है। इस घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव में कैंप लगाया गया इसके साथ ही सभी 14 मरीजों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों के स्वास्थ्य की निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही मंगलवार को मामला सामने आने के बाद कलेक्टर ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर मरीजों का बेहतर उपचार करने और डायरिया से बचाव के आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिए है।



धौरपुर अस्पताल में भर्ती मरीज।

बताया जा रहा है कि विकासखंड लुंड्रा के चिरगा अंतर्गत ग्राम बेवरापारा में सोमवार की देर शाम कुछ मरीजों को उल्टी दस्त की शिकायत आई थी। गांव में ग्रामीणों को उल्टी दस्त होने की जानकारी मितानिन ने स्वास्थ्य विभाग को दी जिसके बाद देर रात से ही प्रभावित गांव में कैम्प लगा दिया गया था। इसके साथ ही सोमवार को मामले की जानकारी मिलने के बाद कलेक्टर ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान यह बात सामने आई कि बेवरपारा में कुल 27 पहाड़ी कोरवा परिवार निवास रत है और गांव में डायरिया के कुल 14 मरीज सामने आए है। मरीजों को उल्टी दस्त की शिकायत थी। मरीजों की हालत में सुधार नहीं होने पर सभी 14 पहाड़ी कोरवा ग्रामीणों उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौरपुर में भर्ती कराया गया है। उपचार के बाद मरीजों की हालत में सुधार हुआ है। इसके साथ ही गांव में शिविर लगाकर लोगों की जांच की जा रही है। ग्रामीणों को आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गई है और स्वच्छता के संबंध में लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

वहीं कलेक्टर ने गांव में पेयजल स्त्रोतों का जायजा लिया तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को पानी का सैंपल लेकर जांच कराए जाने निर्देशित किया। उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात करने के साथ ही स्वास्थ्य शिविर का जायजा लिया तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राथमिक जांच के साथ ही लोगों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के सम्बंध में जागरूक करें, टीम अलर्ट मोड में कार्य करें। जबकि सम्बन्धित अधिकारियों को स्वच्छ पेयजल हेतु ग्राम में कुंआ एवं बोरवेल निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736



## भागवत कथा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के नमनाकला प्रकाश नगर कॉलोनी में आयोजित भागवत कथा में बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने के लिए पहुंच रहे है। बता दें कि शहर के नमनाकला प्रकाश नगर कॉलोनी में श्रीमद भागवत कथता का आयोजन 12 से 19 अप्रैल तक किया गया है।

12 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ भागवत कथा की शुरुआत हुई और 18 अप्रैल तक भागवत कथा सुनाई जाएगी। इस दौरान कथा के चौथे दिवस मंगलवार को श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया और श्री कृष्ण के जन्म की कथा सुनाई गई। भागवत कथा में उत्तर प्रदेश के चित्रकूट से पधारे आचार्य दीपक कृष्ण शास्त्री के नेतृत्व में आए हुए समस्त विद्वानों द्वारा भागवत कथा एवं प्रवचन बहुत ही सुमधुर तरीके से सुनाई गई। इस दौरान आचार्य दीपक कृष्ण शास्त्री ने कहा कि भगवान की भक्ति के अलावा इस संसार में कुछ भी नहीं है। इस जीवन का श्रेय ही भगवत भक्ति है तो जो क्षण हमारे जीवन में हमें मिले उसे सत्कर्म में लगाना चाहिए, तो सत्कर्म क्या है सत्कर्म सिर्फ और सिर्फ परहित है।

